भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

GH 167448

04 AUG 2023

NOTARY R.C. VERMA Adv. & Notary Lko. (U.P.) INDIA Regd. 3/64/2000 GOVT. OF UTTAR PRADESH

(प्रारूप–''अ'') शपथ–पत्र

हम **उमाशंकर सिंह कुशवाहा** एवं **संजय सिंह कुशवाहा** क्रमशः अध्यक्ष एवं सचिव **पं0 दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण विकास एवं जनकल्याण संस्था ग्राम–हँसी, पोस्ट–पारा, तहसील–मुहमदाबाद, जिला–गाजीपुर** शपथ पूर्वक बयान करते है :–

1. यह कि हमारे ट्रस्ट द्वारा **उमा शंकर शास्त्री फार्मेसी कॉलेज, ग्राम–हँसी, पोस्ट–पारा, तहसील–मुहमदाबाद, जिला–गाजीपुर** नामक डिप्लोमा इन फार्मेसी संस्थान की स्थापना सत्र 2023–24 से किया जाना प्रस्तावित है।
2. यह कि हमारे ट्रस्ट के नाम से **ग्राम–हँसी, पोस्ट–पारा, तहसील–मुहमदाबाद, जिला–गाजीपुर** के गाटा संख्या **66, 68 एवं 69** में कुल रकबा **0.8100** हे0 भूमि है।
3. यह कि उपरोक्त भूमि पर किसी प्रकार का कोई भी वाद किसी भी न्यायालय में नहीं चल रहा है और भूमि विवाद रहित है।
4. यह कि उपरोक्त पते पर ट्रस्ट के नाम उपलब्ध भूमि के गाटा संख्या **66, 68 एवं 69** रकबा **0.8100** हे0 पर उपरोक्त नाम की डिप्लोमा स्तरीय तकनीकी शिक्षण संस्थान की स्थापना किये जाने का प्रस्ताव ट्रस्ट की बैठक दिनांक **14.02.2021** द्वारा पारित किया गया है।
5. यह कि उपरोक्त भूमि पर ही प्रश्नगत डिप्लोमा फार्मेसी संस्थान के संचालन हेतु भवनों का निर्माण अनुमोदित नक्शे के अनुसार किया गया है।

ATTESTED

Sworn & Verified Before Me.

R.C. VERMA (Advocate) NOTARY Lucknow (U.P.) INDIA Date 04/09/23

उमाशंकर सिंह कुशवाहा

Chairman/Secretary
Pt. Deendayal Upadhyay Gramin Vikas Evam Jankalyan Sanstha, Ghazipur

6. यह कि निरीक्षण समिति के समक्ष उपरोक्त पते पर ट्रस्ट के नाम भूमि एवं उस पर निर्मित एवं निर्धारित भवनों को ही निरीक्षण समिति के समक्ष निरीक्षण हेतु प्रस्तुत किया गया है।

7. यह कि इस भूमि एवं इस पर निर्मित भवनों पर भवनों पर फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली के नियमों के अंतर्गत ही डिप्लोमा फार्मेसी संस्थान का ही संचालन किया जायेगा।

8. यह कि इस संस्थान में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद से सम्बद्ध पाठ्क्रम एवं प्रवेश क्षमता के अनुसार ही पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

9. यह कि उपरोक्त भूमि व इस पर निर्मित भवनो में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ से सम्बद्ध संस्था एवं पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त किसी अन्य परिषद/विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित/सम्बद्ध कोई अन्य संस्थान/विद्यालय/महाविद्यालय/आई0टी0आई0 आदि का संचालन न तो पूर्व में कभी किया गया है, और न ही भविष्य में कभी किया जायेगा।

10. यह कि संस्थान के संचालन हेतु आवश्यक क्लास रूम, प्रयोगशालाओं एवं कार्यशालाओं आदि को फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद के मानकों के अनुसार ही सुसज्जित किया जायेगा।

11. यह कि संस्था के संचालन हेतु आवश्यक शैक्षिक एवं अशैक्षिक स्टाफ की तैनाती ट्रस्ट/सोसाइटी द्वारा सत्र प्रारंभ के पूर्व कर लिया जायेगा।

12. यह कि शासन/परिषद द्वारा निर्गत निर्देशों/आदेशों का भलीभाति पालन करूँगा। यदि मेरे संस्थान में किसी भी समय स्थलीय निरीक्षण में मानकानुसार कोई भी कमी पायी जाती है तो परिषद की निरीक्षण एवं सम्बद्धता समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा एवं मुझे मान्य होगा। इस हेतु मेरे द्वारा कोई विधिक कार्यवाही नहीं की जाएगी।

13. मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गयी उपरोक्त सूचना मेरी निजी जानकारी में पूर्ण रूप से सत्य है। यदि दी गयी जानकारी एवं अभिलेख/दस्तावेज फर्जी, कूटरचित अथवा त्रुटिपूर्ण पाये जाते हैं तो मेरे विरूद्ध परिषद द्वारा नियमानुसार कानून, संगत कार्यवाही की जा सकेगी। ऐसी की गयी विधिक कार्यवाही हेतु मैं स्वयं उत्तरदायी होऊँगा।

R.C. VERMA
(Advocate)
NOTARY
Lucknow (U.P.) INDIA
Date 07/09/23

I know and identify the deponent who has signed out T.I. before me.

ह0 अध्यक्ष

ह0 सचिव

Chairman/Secretary
Pt. Deendayal Upadhyay Gramin Vikas
Evam Jankalyan Sanstha, Ghazipur

Chairman/Secretary
Pt. Deendayal Upadhyay Gramin Vikas
Evam Jankalyan Sanstha, Ghazipur